भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 333
उत्तर देने की तारीख 22 जुलाई, 2021

बीएसएनएल की अवसंरचनात्मक सुविधाओं का विस्तार

333. श्री राम नाथ ठाकुर:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या यह सच है कि अवसंरचनात्मक अड़चनों की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों में बीएसएनएल का नेटवर्क ज्यादा लोकप्रिय नहीं है;
(ख) क्या यह भी सच है कि इन अड़चनों के कारण बीएसएनएल के उपभोक्ता अन्य सेवाओं का लाभ ले रहे हैं; और
(ग) यदि हाँ, तो क्या सरकार का बीएसएनएल की अवसंरचनात्मक सुविधाओं का विस्तार करने के लिए कोई ठोस कदम उठाने का विचार है ताकि यह इसके उपभोक्ताओं की पहली पसंद बन सके?

उत्तर
संचार राज्य मंत्री
(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के ग्रामीण मोबाइल कनेक्शनों की संख्या नीचे दी गई है:

क्रम. सं.	की स्थिति के अनुसार	मोबाइल उपभोक्ताओं की संख्या	वृद्धि का प्रतिशत
1	31.03.2019	3,65,89,621	2.15
2	31.03.2020	3,80,85,638	4.09
3	31.03.2021	3,78,38,495	-0.65

ग्रामीण क्षेत्रों में बीएसएनएल के उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ रही है। तथापि, वित्तीय वर्ष 2020-21 में उपभोक्ताओं की संख्या में थोड़ी-सी गिरावट आई है।

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी (एमएनपी) के आंकड़े निम्नानुसार हैं:

क्रम. सं.	वित्तीय वर्ष	पोर्ट आउट (पीओ)	पोर्ट इन (पीआई)	पीओ/पीआई
1	2018-19	28,27,440	53,64,649	0.53
2	2019-20	32,69,088	39,20,284	0.83
3	2020-21	63,36,389	17,14,618	3.7

जैसा कि उपर्युक्त तालिका में देखा जा सकता है दूरसंचार बाजार में चुनौतीपूर्ण प्रतिस्पर्धा के बावजूद वित्तीय वर्ष 2018-19 और वर्ष 2019-20 के दौरान बीएसएनएल के उपभोक्ताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। तथापि वित्तीय वर्ष 2020-21 में बीएसएनएल नेटवर्क में विस्तृत 4जी कवरेज के अभाव के कारण अधिक संख्या में उपभोक्ताओं ने पोर्ट आउट किया है।

(ग) सरकार ने दिनांक 23.10.2019 को बीएसएनएल के लिए पुनरूद्धार योजना अनुमोदित किया था जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ बजटीय आवंटन के माध्यम से वित्तपोषण कर 4जी सेवाएं प्रदान करने हेतु स्पेक्ट्रम का प्रशासनिक आबंटन शामिल है।

बीएसएनएल ने अपने आगामी निविदा में भाग लेने के उद्देश्य से इच्छुक भारतीय कंपनियों से पूर्व पंजीकरण/ प्रूफ ऑफ कांसेप्ट (पीओसी) हेतु दिनांक 01.01.2021 को रूचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) जारी की है। बीएसएनएल ने दिनांक 01.07.2021 को 5 योग्य बोलीदाताओं को आशय-पत्र (एलओआई) जारी किए हैं।

******